**दिनांक–13.01.2026 को मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में पटना स्मार्ट सिटी, पटना के अन्तर्गत वार्ड न0–62 में जनसेवा केन्द्र का निर्माण कार्य का तकनीकी बीड पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:–**

---

1. **श्री अनिल कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना – अध्यक्ष
2. **श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना – सदस्य
3. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना – सदस्य
4. **श्री जितेन्द्र कुमार,** उप महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना – सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | **पटना स्मार्ट सिटी, पटना के अन्तर्गत वार्ड न0–62 में जनसेवा केन्द्र का निर्माण कार्य।** |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹60.19 लाख पटना स्मार्ट सिटी का पत्रांक–557 दिनांक–11.09.2025. |
| 3. | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | – | ₹60.19 लाख, दिनांक–27.09.2025 |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹56,25,042.00 |
| 5. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 6. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दिनांक–22.11.2025 को दैनिक भाष्कर एवं The Times of India में |
| 7. | निविदा संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | **58/2025–26, 017801(B&C)2025–26** |
| 8. | निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | – | दिनांक–02.12.2025 से 24.12.2025 के 15:00 बजे तक |
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय | – | दिनांक–26.12.2025 के 15:00 बजे तक |
| 10. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | – | दिनांक–29.12.2025 के 15:00 बजे |
| 11 | निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता | | (i) Raghubar Singh, Jitendra Bilash Bhawan, Flat-202, 2nd floor, Lalji Tola, Patna-800001<br>(ii) Nana G Production (Prop.-Santosh Kumar), Ruchunpura Dhangawan, Nalanda-801301 |

**12.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही:–**

**प्रथम बार आमंत्रित ई0–निविदा :-**इसका ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **58/2025–26** है। इस निविदा में कुल दो निविदादाताओं द्वारा भाग लिया लिया गया है। दोनों निविदादाताओं द्वारा अपलोड किए गए निविदा कागजातों को डाउनलोड कर उप–महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, **पटना** के द्वारा अपने पत्रांक–08(अनु0) दिनांक–01.01.2026 द्वारा समर्पित किया गया है जिसके आधार पर सहायक महाप्रबंधक(यो0) द्वारा मूल्यांकन प्रपत्र तैयार किया गया है। इस मूल्यांकन प्रपत्र के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्रवाई की गयी जो निम्नवत्त है:–

(i) प्रथम निविदादाता **Raghubar Singh,** Jitendra Bilash Bhawan, Flat-202, 2nd floor, Lalji Tola, Patna-800001 हैं। इनका निबंधन संख्या- BUIDCL/Class-B/RN-2250444 हैं जिसकी वैधता दिनांक–24.06.2030 तक हैं। विद्युत निबंधन सं0–3981 जिसकी वैधता दिनांकः–31.12.2025 तक है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों की समीक्षा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा BCD का निबंधन प्रमाण पत्र के जगह BUIDCL का अपलोड किया गया है जो निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका 12 (भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी में निबंधित एवं अद्यतन नवीकृत संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकते है, जिन्हे सक्षम स्तर से विद्युतीकरण का भी निबंधन प्राप्त हो) के आलोक में मान्य नही है। अतः इनके द्वारा निविदा की अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात अपलोड नहीं किया गया है। अतएव इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाया गया। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में **असफल** घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) द्वितीय निविदादाता **Nana G Production (Prop.-Santosh Kumar),** Ruchunpura Dhangawan, Nalanda-801301 हैं। इनका निबंधन संख्या- BCD Class-III/RN-3210028 हैं जिसकी वैधता दिनांक–28.01.2026 तक हैं। विद्युत निबंधन सं0–27/2024 जिसकी वैधता दिनांकः 31.07.2029 तक है। इनके द्वारा अपलोड किए गए कागजातों की समीक्षा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी। समीक्षोपरान्त पाया गया कि इनके द्वारा अर्हता हेतु सभी आवश्यक कागजात अपलोड किया गया है। अंकों के मूल्यांकन में इन्हें कुल **75** अंक प्राप्त हुए जो अर्हता के लिये निर्धारित न्यूनतम् 50 अंक से **अधिक** है। अतएव इन्हें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाया गया। अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इन्हें तकनीकी बीड में **सफल** घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

**13.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से इस निविदा में शामिल कुल दो निविदादाताओं में से एक निविदादाता (i) **Nana G Production (Prop.-Santosh Kumar),** Ruchunpura Dhangawan, Nalanda-801301 को तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **सफल** तथा एकमात्र निविदादाता (i) **Raghubar Singh,** Jitendra Bilash Bhawan, Flat-202, 2nd floor, Lalji Tola, Patna-800001 को तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **असफल** घोषित किया जाता है। साथ ही तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर रखा जाय। दिनांक–19.01.2026 के अपराहन 12.30 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होता है, तो मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में वित्त विभाग की अधिसूचना सं0-7806/वि0, दिनांक-30.09.2016 के आलोक में पुनर्निविदा की कार्रवाई करेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13/01/26 | 13/1/26 | 13/1/26 | 13/1/26 |
| **(जितेन्द्र कुमार)** | **(विकास कुमार पाण्डेय)** | **(सत्येन्द्र कुमार चौधरी)** | **(अनिल कुमार)** |
| उप महाप्रबंधक, | महाप्रबंधक (वित्त), | महाप्रबंधक (दक्षिण), | मुख्य महाप्रबंधक |
| पी0आई0यू0, पटना | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना | बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना |